Regarding need for opening of Central School in Jhanjhar

श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर) : माननीय सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र झंझारपुर है। यहाँ पर केन्द्रीय विद्यालय न होने के कारण बच्चों को पठन-पाठन के लिए दरभंगा जाना पड़ता है। मेरा संसदीय क्षेत्र मधुबनी जिले के अंतर्गत आता है। मधुबनी जिले में भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। यहाँ पर एसएसबी का कैम्प मुख्यालय, कस्टम कार्यालय और एसबीआई एवं पंजाब नैशनल बैंक की शाखाएं भी हैं। इसके साथ ही, यहाँ केन्द्र सरकार के कई अन्य कार्यालय भी हैं। इस क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के न रहने के कारण इन सब कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय की सुविधा प्राप्त करने के लिए दरभंगा जाना पड़ता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की तत्काल पहल करें। इसके लिए मैं आपका आभारी रहूँगा।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री कौशलेन्द्र कुमार - उपस्थित नहीं।

श्री वीरेन्द्र सिंह।